दस्तक टाइम्स








उत्तर प्रदेश राज्य लखनऊ

# डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों ने अंतिम वर्ष के छात्रों को दी विदाई

DN VERMA May 14, 2025 5 1 minute

लखनऊ : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों ने अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई दी गयी। इस समारोह में, छात्रों और विभिन्न विभागो के साथियों ने अपने भावनात्मक विचार व्यक्त किए और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसएमएस के सचिव व मुख्यकार्यकारी अधिकारी शरद सिंह, निदेशक डॉ.आशीष भटनागर, महानिदेशक (टेक) डॉ. भरत राज सिंह, एसोसिएट निदेशक डॉ धर्मेंद्र सिंह, डीन डॉ.हेमंत कुमार सिंह, डिप्लोमा प्रिंसिपल डॉ.अमरजीत सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ.आशा कुलश्रेष्ठ, डॉ.कमलेश सिंह, सुनीत मिश्रा, उमेश प्रताप सिंह और सभी विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित थे। छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम को उत्साह से प्रस्तुत किया गया और अन्त में , कम्प्यूटर साइंस- डिप्लोमा के अश्विन को मिस्टर फेयरवेल और शालिनी राठौर को मिस फेयरवेल -स्वस्ति 2025 घोषित किया गया।

---

https://dastaktimes.org/diploma-engineering-students-bid-farewell-to-final-year-students/